# Telecom – Training

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र



उत्तर पुलिस रेडियो विभाग के महानगर, लखनऊ स्थित भवन का शिलान्यास डा0 सम्पूर्णानन्द, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन के कर कमलों द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 1958 को सम्पन्न हुआ था।




उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो विभाग के संचार केन्द्र तथा इलेक्ट्रॉनिक्स अन्वेषण–शाला का उद्घाटन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, श्री जवाहर लाल नेहरू के द्वारा दिनांकः 6 जनवरी, 1963 को किया गया।

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो अपने कार्मिकों की दक्षता एवं कौशल में वृद्धि हेतु अपने स्थापना के समय से ही निरन्तर प्रशिक्षण कार्यों में संलग्न है। प्रशिक्षण केन्द्र में विभागीय तथा बाहरी राज्यों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है ।

# Details of departmental trainings

## विभागीय प्रशिक्षण का विवरण

| क्र0 | प्रशिक्षण का नाम | प्रशिक्षण प्रकार | प्रशिक्षण अवधि |
|---|---|---|---|
| | | **लम्बी अवधि के कोर्स** | |
| 1 | ग्रेड–तृतीय | पुलिस रेडियो संचार का प्राथमिक प्रशिक्षण | 06 माह |
| 2 | ग्रेड–द्वितीय | पुलिस रेडियो संचार का प्रमोशन कोर्स | 04 माह |
| 3 | ग्रेड–प्रथम | पुलिस रेडियो संचार का एडवान्स कोर्स | 04 माह |
| 4 | एम0टी0एच0 | पुलिस रेडियो संचार के उपकरणों का अनुरक्षण कोर्स | 06 माह |
| 5 | रेडियो केन्द्र अधिकारी (रैंकर) | पुलिस रेडियो संचार का प्रमोशन कोर्स | 06 माह |
| 6 | रेडियो केन्द्र अधिकारी (सीधी भर्ती) | पुलिस रेडियो के नियमों तथा संचार से सम्बन्धित प्राथमिक प्रशिक्षण | 08 माह एवं 04 माह |
| 7 | रेडियो अनुरक्षण अधिकारी (रैन्कर) | पुलिस रेडियो संचार का प्रमोशन कोर्स | 06 माह |
| 8 | रेडियो अनुरक्षण अधिकारी (सीधी भर्ती) | पुलिस रेडियो के नियमों तथा संचार एवं अनुरक्षण से सम्बन्धित प्राथमिक प्रशिक्षण | 06 माह एवं 04 माह |
| | | **सीमित अवधि के कोर्स** | |
| 1 | कैप्सूल कोर्स / सी0सी0टी0वी0 | सी.सी.टी.वी. का विशेष तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करना। | 05 दिवस |
| 2 | कम्प्यूटर प्रशिक्षण | कार्मिकों को कम्प्यूटर कार्यों में प्रवीण करना | 05 दिवस |
| 3 | कैड काल टेकर कोर्स | आधुनिक कन्ट्रोलरूम कैड का विशेष तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करना। | 10 दिवस |
| 4 | इन्टरनेट एवं मोबाइल कार्यशाला | कार्मिकों को इन्टरनेट एवं स्मार्ट फोन के संचालन में प्रवीण करना। | 02 दिवस |

# Class room

## क्लासरुम



विभागीय तथा बाहरी राज्यों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए क्लासरुम स्थापित है। प्रशिक्षण केन्द्र में पठन–पाठन हेतु कक्षाओं की पर्याप्त व्यवस्था है।

व्याख्यानों को सुग्राह्य बनाये जाने हेतु कक्षाओं में कम्प्यूटर, ओवरहेड प्रोजेक्टर एवं इण्टरऐक्टिव इलेक्ट्रानिक व्हाइट बोर्ड जैसे तकनीकी उपकरणों की भी व्यवस्था की गयी है।

# Computer room

## कम्प्यूटर कक्ष



प्रशिक्षणार्थियों के कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिये वातानुकूलित आधुनिक कम्प्यूटर कक्ष स्थापित की गयी है। कम्प्यूटर कक्ष में प्रत्येक पीसी पर इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है।

# HF/VHF lab

## एचएफ/वीएचएफ लैब



लैब में प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न वायरलेस सेटों की प्रोग्रामिंग, रिपेयरिंग, ऑपरेटिंग तथा अधिष्ठापन की जानकारी दी जाती है। प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में प्रशिक्षणार्थियों के प्रयोगात्मक प्रशिक्षण हेतु वी0एच0एफ0 प्रयोगशाला, कम्प्यूटर प्रयोगशाला उपलब्ध हैं।

# Museum

## संग्रहालय




उ0प्र0 पुलिस रेडियो विभाग की स्थापना के समय से लेकर अब तक प्रयोग किये गये मुख्य–मुख्य वीएचएफ स्टैटिक / मोबाइल 25 वॉट आर/टी अपॅट्रान 2625, एलटीएस मोबीलो फोन, एचएफ एसएसबी 100 वॉट अपॅट्रान एवं जीई–524 सेट व अन्य उपकरणों यथा एण्टीना, जनरेटर इत्यादि का प्रदर्शन संग्रहालय में किया गया है। उ0प्र0 पुलिस रेडियो की अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक क्षणों के फोटोग्राफ भी संग्रहालय में उपलब्ध हैं।

# Meeting hall

## सभागार







प्रशिक्षण केन्द्र के वातानुकूलित सभागार में अतिविशिष्ट व उच्च स्तरीय अधिकारियों की गोष्ठियों का आयोजन होता है। सभागार अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। समय–समय पर प्रादेशिक स्तर की वाद–विवाद प्रतियोगिताएँ, लाभकारी व्याख्यान, सेमिनार, चिकित्सा शिविर इत्यादि के आयोजन होते हैं जिनका लाभ प्रशिक्षणर्थियों को प्रदान किया जाता है। सभागार में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी प्रशिक्षणथियों को प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर प्रदान किया जाता है।

# Jim

## जिम



प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में वातानुकूलित अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त जिम की व्यवस्था है, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों के साथ–साथ मुख्यालय के अधिकारी/कर्मचारी व उनके परिवार द्वारा स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया जा रहा है।

# Library

## पुस्तकालय




पुस्तकालय उ0प्र0पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केंद्र परिसर में स्थित है। पुस्तकालय की स्थापना वर्ष 1952 में पुलिस रेडियो के तत्समय मेजर चार्ल्स ग्रीग के नाम से हुयी थी इसलिए इसे मेजर चार्ल्स ग्रीग पुस्तकालय के नाम से जाना जाता है।

इस पुस्तकालय द्वारा उ0प्र0 के समस्त जनपदों एवं मुख्यालय में सभी अधिकारियों/कर्मचारियों तथा समस्त कार्यालयों को पुस्तकें उपलब्ध करायी जाती हैं।

पुस्तकालय में समसामयिक विषयों पर समाचारपत्र/पत्रिकाएं एवं पुस्तकें उपलब्ध रहती हैं। पुस्तकालय में वर्तमान में कुल 13961 पुस्तकें हैं जिनमें 4770 तकनीकी पुस्तकें,2839 विधि पुस्तकें,2956 साहित्यिक पुस्तकें एवं 3396 पाठ्य पुस्तकें हैं। पुस्तकों का विवरण सॉफ्वेयर में भी उपलब्ध है। सभी पुस्तकों के कैटेलॉग भी उपलब्ध हैं।

# Reading room

## वाचनालय



पुस्तकालय में पुस्तकें/समाचारपत्र व पत्रिकाएं पढ़ी जा सकती हैं। वाचनालय पुलिस रेडियो कालोनी के बच्चों हेतु भी सुलभ है।

# Sport activities
## खेल–कूद



प्रशिक्षणर्थियों के उत्तम स्वास्थ्य की दृष्टि से आउटडोर गेम्स की व्यवस्था पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र के मैदान में की गयी है। वालीबाल गेम्स के साथ–साथ उच्च. गुणवत्ता की क्रिकेट पिच भी उपलब्ध है।

# Cultural activities
## सांस्कृतिक कार्यक्रम



छ0गढ के आरक्षकों का सां0 कार्यक्रम



बाल कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम–2014

प्रशिक्षण केन्द्र में समय–समय पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।



श्री श्रीकृष्ण जन्माष्टमी–2015

# Audio Visual Cell

## ऑडियो विडियो प्रकोष्ठ

पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रभावी बनाये जाने, संक्षिप्त अवधि की प्रशिक्षण फिल्में बनाने तथा अन्य प्रशिक्षण गतिविधियों की फोटोग्राफी तथा वीडियो ग्राफी हेतु आधुनिक स्टिल तथा वीडियो कैमरे से सुसज्जित आडियो विजुअल प्रकोष्ठ स्थापित हैं। प्रकोष्ठ में कम्प्यूटर द्वारा आडियो/विडियो एडीटिंग की सुविधा भी उपलब्ध है।

# Printing Cell

## प्रिन्टिंग प्रकोष्ठ

प्रिन्टिंग प्रकोष्ठ में प्रशिक्षणार्थियों से सम्बन्धित व्याख्यानों एवं अध्ययन हेतु आवश्यक अभिलेख–सामग्री की प्रिन्टिंग/फोटोकॉपी की व्यवस्था उपलब्ध है।